प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय फुलवरिया, भागलपुर
(Primary Teacher Education College (PTEC) Phulwaria, Bhagalpur )
शिक्षा विभाग, बिहार सरकार

डॉ0 राहुल पटेल (बि0शि0 सेवा)
प्रभारी प्राचार्य

Ph No 9430845995
EMAIL ID - ptecphulwaria@gmail.com

पत्रांक ..155.........

दिनांक 02/05/25

# कार्यालय – आदेश
## (अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण)

सचिव (संसाधन), वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 3104 दिनांक 28.03.2023, , अपर सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार पटना के ज्ञापांक ब0अ0–1459/8/2023-SEC-5EDU DEPT(C.N.-344357) 10 दिनांक 30.04.2024 के आलोक में प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, फुलवरिया भागलपुर में भाड़े पर वाहन की आवश्यकता है। विभिन्न वाहन मालिकों/एजेंसियों से निम्न शर्तो पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं–

(i) वाहन का प्रकार स्कॉर्पियो (Scorpio) एवं समकक्ष।

(ii) व्यवसायिक वाहन का वाणिज्यिक निबंधन, GST निबंधन तथा आयकर निबंधन होना चाहिए।

(iii) वाहन का बीमा, रोड टैक्स (फास्ट टैग रिचार्ज), फिटनेश परमीट, प्रदूषण प्रमाण–पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आदि अद्यतन होना चाहिए।

(iv) वाहन एजेंसी को पिछले वर्ष चुकाए गए आयकर तथा वस्तु एवं सेवा कर हेतु दर्ज किए गए रिटर्न की प्रति कोटेशन के साथ समर्पित करनी होगी।

(v) वाहन का रख–रखाव, साफ–सफाई एवं अन्य मेंटेनेंस का दायित्व वाहन मालिक का होगा साथ हीं गाड़ी चोरी या दुर्घटना अथवा अन्य क्षति की जिम्मेवारी संस्थान की नहीं होगी।

(vi) वाहन का भुगतान सीधे एजेंसी के खाते में किया जाएगा।

(vii) विभाग द्वारा वाहन के लिए मासिक भाड़ा 1000 किलोमीटर तक के लिए 35,000/- मात्र निर्धारित किया गया है एवं इससे अधिक उपयोग करने पर 10 रू0 प्रति किलोमीटर की दर से राशि देय है। संबंधित दर से सबसे कम दर अंकित करने वाली एजेंसी का चयन L-1 के आधार पर किया जाएगा।

(viii) चयनित वाहन मालिको/एजेंसी को कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात् 24 घंटे के अंदर अनुबंध अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित करना होगा।

(ix) सेवा संतोषजनक नहीं रहने तथा परिचालन में असुविधा की स्थिति में बिना पूर्व सूचना के सेवा समाप्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

(x) व्यवसायिक वाहन /स्कॉर्पियो (Scorpio) एवं समकक्ष वाहन के कोटेशन की अनुपलब्धता की स्थिति में हीं वाहन मालिकों तथा अन्य प्रकार के वाहन के कोटेशनों पर विचार किया जाएगा।

इच्छुक वाहन एजेंसी/वाहन मालिक अपने अनुभव प्रमाण–पत्र, GST निबंधन प्रमाण–पत्र, पैन नंबर, आधार नंबर, बैंक खाता संख्या एवं IFSC Code के साथ एवं उपर कंडिकाओं में उल्लेखित सभी दस्तावेजों की सत्यापित छाया–प्रति दिनांक 09/05/2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक हाथों–हाथ बंद लिफाफे में प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, फुलवरिया, भागलपुर कार्यालय में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

अधिक जानकारी के लिए संस्थान के बेबसाईट www.ptecphulwaria.in एवं संस्थान के सूचना–पट् से सम्पर्क किया जा सकता है। दिनांक 10.05.2025 को संध्या 11.00 बजे प्राचार्य के कार्यालय वेश्म में एजेंसी/वाहन मालिक स्वंय या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष कोटेशन खोला जाएगा। 24 घंटे के अंदर चयनित वाहन मालिक को इस आशय का एकरारनामा का शपथ–पत्र कार्यालय को समर्पित करने के साथ ही वाहन उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

02/5/25

प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
फुलवरिया, भागलपुर

Scanned with CamScanner